# जयपुर कलेक्टर की जनसुनवाई के सवा 2 माह बाद भी आम रास्ते से नहीं हट सका अतिक्रमण

## जे.डी.ए. प्रशासन ने नांगल जैसा बोहरा में करीब साढ़े 3 करोड़ की इस बेशकीमती भूमि से अतिक्रमण हटाना तो दूर एक माह बाद तक कलेक्टर को जवाब तक नहीं भिजवाया



नांगल जैसा बोहरा गांव में खसरा नंबर 517/3 की आम रास्ते की जमीन पर खातेदारों द्वारा करीब 300 फीट से ज्यादा की दूरी में बाउंड्रीवाल बनाकर और लोहे के गेट लगाकर कब्जा कर लिया गया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी आमजन की समस्याएं सुनना तो दूर ''कलेक्टर जनसुनवाई'' को भी मजाक बनाने से नहीं चूक रहे। जयपुर के नांगल जैसा बोहरा में आम रास्ते की करीब साढ़े 3 करोड़ रु. की जमीन से अतिक्रमण हटाने के मामले में कुछ ऐसा ही वाकया सामने आया है।

परिवादी की शिकायत पर जिला प्रशासन ने ''कलेक्टर जनसुनवाई'' के तुरंत बाद 30 जुलाई को ही जेडीए सचिव को पत्र लिखकर इस मामले में 7 दिन में कार्रवाई करने के लिए कहा था, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि जेडीए प्रशासन ने आम रास्ते की जमीन से अवैध कब्जा और निर्माण हटाना तो दूर कलेक्टर को जवाब तक नहीं भिजवाया।

शिकायतकर्ता नरेन्द्र कुमार व्यास ने बताया कि नांगल जैसा बोहरा गांव में खसरा नंबर 517/3 की जमीन गैर मुमकिन आम रास्ते में दर्ज है। इस बेशकीमती जमीन पर

- **जिला प्रशासन ने जनसुनवाई के तुरंत बाद 30 जुलाई को ही जेडीए सचिव को पत्र लिखकर इस जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए लिखा था, इसके बाद 28 अगस्त को पुनः पत्र लिखकर जवाब मांगा गया**
- **जे.डी.ए. के अधिकारियों की मनमानी और लापरवाही के कारण आमजन के बीच 'कलेक्टर जनसुनवाई' भी मजाक बनकर रह गई है। लोग कहने लगे हैं कि ''जब जेडीए के अधिकारी कलेक्टर की नहीं सुनते तो आमजन की सुनवाई कहां होगी?''**

कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करके करीब 3-4 माह पूर्व बाउंड्रीवाल बनाकर और टाइलें लगाकर दोनों तरफ गेट लगा दिए। यह आम रास्ता जे.डी.ए. अनुमोदिन कॉलोनी ग्रीन पार्क, ग्रीन पार्क विस्तार और ग्रीन टाउन कॉलोनी को बाईपास लिंक रोड से जोड़ता था, जिसे अब पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने इस पर आपत्ति जताई तो अवैध कब्जाधारियों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। इस पर गत 30 जुलाई को नरेन्द्र व्यास और कॉलोनी के कुछ लोगों ने जयपुर कलेक्टर की जनसुनवाई में उपस्थित होकर पूरे प्रकरण की शिकायत की। कलेक्टर के आदेश पर जिला प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई के लिए उसी दिन जे.डी.ए., उपखंड अधिकारी और तहसीलदार को निर्देश दिए।

जिला प्रशासन की तरफ से तहसीलदार ने मौके पर जाकर देखा तो शिकायत सही मिली और आम रास्ते की जमीन पर अवैध कब्जा भी साबित हुआ। तहसीलदार ने 28 अगस्त को उपखंड अधिकारी को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने लिखा कि ''नांगल जैसा बोहरा के खसरा नंबर 473 और 516 के मध्य पुराने आम रास्ते पर खातेदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जब इस बारे में खातेदारों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमने, हमारी जमीन पर ही बाउंड्रीवॉल करके गेट लगाए है। मौके पर जेडीए की ग्रीन पार्क कॉलोनी है, खसरा नंबर 517/3 की जमीन गैर मुमकिन आम रास्ते में दर्ज है, जिसकी खातेदारी जयपुर विकास प्राधिकरण की है। ऐसे में अग्रिम कार्यवाही जे.डी.ए. द्वारा किया जाना अपेक्षित है।''

मजेदार बात यह है कि 30 जुलाई को कलेक्ट्रेट कार्यालय से जेडीए सचिव को पत्र भेजे जाने के बावजूद भी जे.डी.ए. प्रशासन ने आम रास्ते की करीब साढ़े 3 करोड़ रु. बाजार मूल्य वाली इस बेशकीमती जमीन से खातेदारों का अवैध कब्जा हटाने में कोई रूचि नहीं ली। करीब एक माह के बाद 28 अगस्त को कलेक्टर कार्यालय से जेडीए सचिव को दुबारा पत्र लिखा गया, जिसमें कहा गया कि ''परिवादी नरेन्द्र कुमार व्यास निवासी ग्रीन पार्क बैनाड रोड ने कलेक्टर को 30 जुलाई को आम रास्ते की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत स्वयं उपस्थित होकर की थी। इस प्रकरण के निस्तारा के लिए जेडीए को पत्र लिखा गया था, लेकिन आज दिनांक तक कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। तहसीलदार की रिपोर्ट के अनुसार खसरा नंबर 473 और 576 के बीच 517/3 किस्म गैर मुमकिन रास्ता दर्ज है, जिसकी खातेदारी जयपुर विकास प्राधिकरण की है। इसलिए इस परिवाद का अंतिम निस्तारण अविलम्ब करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।''

वहीं दूसरी ओर जे.डी.ए. के अधिकारियों की मनमानी और लापरवाही के कारण आमजन के बीच 'कलेक्टर जनसुनवाई' भी मजाक बनकर रह गई है। लोग कहने लगे हैं कि ''जब जेडीए के अधिकारी कलेक्टर की नहीं सुनते तो आमजन की सुनवाई कहां होगी?''

# लूट की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मानसरोवर स्थित महिमा सर्किल पर कार्रवाई की



राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने अवैध हथियार के साथ आरोपी सीताराम गुर्जर और रामकुमार सुधार को गिरफ्तार किया।

**जयपुर ।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने जयपुर के मानसरोवर इलाके में महिमा सर्किल स्थित एक चाय की थड़ी पर बैठकर लूट की योजना बना रहे दो बदमाशों को पकड़ कर एक अवैध देशी पिस्टल व 7 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों बदमाशों को मामले में अग्रिम अनुसंधान के लिए मानसरोवर थाना पुलिस को सौंप दिया गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि मानसरोवर में महिमा सर्किल स्थित एक चाय की थड़ी पर दो आपराधिक किस्म के व्यक्ति बैठे हुए हैं। उनके पास अवैध हथियार है। यह लोग किसी संगठित गिरोह के सदस्य हैं, जो किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

एमएन ने बताया कि इस सूचना पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से चाय की थड़ी पर बैठे दोनों बदमाशों सीताराम गुर्जर उर्फ सीकू (23) निवासी सुरपालिया नागौर रामकुमार सुधार उर्फ रामकिशन (18) निवासी जामसर बीकानेर को घेर कर दबोच लिया। दोनों बदमाशों की तलाशी लेने पर सीताराम के पास लोडेड पिस्टल जिसकी मैगजीन में तीन कारतूस एवं रामकुमार सुधार के पास सात जिंदा कारतूस जब्त किए गए।

- **आरोपियों से अवैध देशी पिस्टल और सात जिंदा कारतूस बरामद किए**

प्रारंभिक पूछताछ में दोनों बदमाशों ने उक्त हथियार लूटपाट के इरादे से नागौर के पांचौड़ी निवासी हरीश चौधरी से लाना बताया। वह अवैध हथियारों का बड़ा तस्कर है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह व महावीर सिंह की विशेष भूमिका रही। वहीं हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह एवं कांस्टेबल जितेंद्र कुमार का तकनीकी तथा हेड कांस्टेबल महेश कुमार, कांस्टेबल नरेश व चालक सुरेश का सराहनीय सहयोग रहा।


# राजस्थान पुलिस अकेडमी में ट्रेनिंग कर रहे एस.आई. सगे भाई-बहन गिरफ्तार

## एस.आई. भर्ती धांधली मामले में एस.ओ.जी. की कार्रवाई

**जयपुर (कासं)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में धांधली कर पेपर पास करने वाले ट्रेनी एसआई के खिलाफ रविवार को कार्रवाई की है। एसओजी ने राजस्थान पुलिस एकेडमी (आरपीए) में ट्रेनिंग कर रहे ट्रेनी एसआई सगे भाई-बहन को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया है कि दोनों भाई बहन ने पेपर मिलने के बाद परीक्षा दी थी। पूछताछ में दोनों ने अपना गुनाह कबूला है। एसओजी पास जैसे-जैसे सूचनाएं आ रही है, उसकी पुष्टि करने के बाद जांच करती हैं। जांच में दोषी मिलने पर गिरफ्तारी कर ही है।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में धांधली कर पेपर पास करने वाले सगे भाई बहन दिनेश और प्रियंका को गिरफ्तार किया हैं। दोनों को रविवार को कोर्ट में पेश कर 11 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में दिनेश से सामने आया है कि वह सारण गैंग से पेपर खरीद कर लाया था, जिसे उसने घर जाकर अपनी बहन को भी बताया। पेपर मिलने के बाद दोनों ने तैयारी की और परीक्षा पास कर के एसआई बन गए। दिनेश की 99 वीं और प्रियका की 132 वीं रेंक बनी।



गिरफ्तार आरोपी दिनेश और प्रियंका कुमारी

प्रियंका कुमारी को अपने भाई दिनेश के सहयोग से पेपरलीक माफिया भूपेन्द्र सारण के भाई गोपाल सारण से पेपर मिला। गोपाल सारण ने जयपुर में 200 फीट बाईपास पर एक इनोवा कार में परीक्षा से पूर्व पेपर पढ़ाया था, जिसकी परीक्षा जयपुर में थी।

इसी प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार मंजू बिश्नाई निवासी धोरीमन्ना, बाड़मेर की बहन संतोष को भी गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों बहनों की परीक्षा डमी के रूप में छम्मी बाई द्वारा दी गई थी। छम्मी बाई उर्फ समीता डमी बैठने की अभ्यस्त है। उप निरीक्षक पुलिस की परीक्षा के अलावा अन्य परीक्षाओं में भी दूसरों के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप परीक्षाऐं देती रही है। संतोष 10 अक्टूबर तक पीसी रिमाण्ड पर है। इनसे अग्रिम पूछताछ जारी है।

- **दोनों को कोर्ट में पेश कर 11 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया गया है।**
- **आरोपी प्रियंका कुमारी को अपने भाई दिनेश के सहयोग से पेपरलीक माफिया भूपेन्द्र सारण के भाई गोपाल सारण से पेपर मिला था।**

दोनों के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद एसओजी ने दोनों की गिरफ्तारी की। वहीं कुछ अन्य लोगों से भी एसओजी मुख्यालय में पेपर लीक के सम्बंध में पूछताछ चल रही है।

# सोशल मीडिया पर लड़की बनकर लोगों को लूटने वाले गिरफ्तार

**जयपुर ।** भांकरोटा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर लड़की बनकर युवक से लूटपाट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक कार और दो मोबाइल भी जब्त किए है। इस मामले में गिरफतार बदमाशों के तीन साथियों की तलाश कर रही है।

थानाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि लक्ष्य गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि किसी ने उससे लड़की बनकर सोशल मीडिया के माध्यम से बात की और उसे मिलने के लिए जे.के.लक्ष्मीपति विश्वविद्यालय के पास रामचंद्रपुरा मिलने बुलाया। आरोपी वहां पहुंचा तो उसे दो युवकों ने पकड़ लिया और मारपीट कर उसे सुनसान स्थान पर ले गए। वहां पर बदमाशों के दो साथी कार लेकर आए और उसका अपहरण कर शहर में घुमाने लगे। इसके बाद उसके मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन 47 हजार 400 रुपए ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद उसके पिता को फोन कर उससे 15 लाख रुपए मंगवाने को कहा। मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ फिर मारपीट की और खाली कागजों पर साइन करवा लिए। उन कागजों पर यह लिखवाया कि वह लड़कियों की सप्लाई करता है। इसके बाद बदमाश उसे रामचंद्रपुरा पुलिया के पास उतारकर भाग निकले। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। इस मामले में पुलिस ने घटना स्थल और उसके आस-पास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में उसके साथियों की तलाश जारी है।

# तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर वृद्धा को टक्कर मारी

**जयपुर ।** मोती डूंगरी थाना इलाके में घर के बाहर झाडू लगा रही बुजुर्ग महिला को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस के अनुसार आनंदपुरी मोती डूंगरी निवासी सूरज देवी घर के बाहर झाडू लगा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना को लेकर सूरज देवी के पोते लोकेश सैनी ने मामला दर्ज करवाया है।

# देश-विदेश में परचम फहराएंगे राजस्थानी कलाकार : माधवानी

**जयपुर ।** झीलों की नगरी उदयपुर में राजस्थानी फिल्मों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोड्यूस होने वाली पहली राजस्थानी फिल्म होगी तू दीया मैं बाती। जिसका पोस्टर विमोचन हाल ही में किया गया। जयपुर के राजस्थानी फिल्मों के निर्माता व निर्देशक, विपिन तिवारी और उदयपुर से निर्माता मुकेश माधवानी ने बताया कि राजस्थानी फिल्मों को प्रोत्साहन देने की श्रृंखला में और महिला सशक्तिकरण जैसे संवेदनशील विषय पर फिल्म तू दीया मैं बाती का निर्माण कर रहे हैं। जिसमें अन्नदाता किसान और देश की सरहद पर रक्षा करने वाले फौजी की कहानी में रिश्तों की गांठ को खूबसूरती से एक नई फिल्म में पिरोया जायेगा, फिल्म की यू.एस.पी. इसकी कहानी होगी।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में सफाई कर्मचारी की मौत

**जयपुर ।** गांधी नगर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय में सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। चक्कर आने से वह अचानक जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए थे। पिछले काफी समय से उनकी टीवी की बीमारी का इलाज चल रहा था। पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। पुलिस ने बताया कि मृतक भंवर लाल मेहरा (57) सुशीलपुरा सोडाला का रहने वाला था। वह पिछले करीब 10-15 साल से राजस्थान यूनिवर्सिटी में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। जो सुबह रोज की तरह घर से काम पर यूनिवर्सिटी आए था। यूनिवर्सिटी में बाबा हॉस्टल के पास काम करते समय अचानक चक्कर आने से जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। वहां मौजूद स्टूडेंट्स ने उन्हें तुरंत एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान भंवर लाल मेहरा को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

# जय गुरूदेव संगत ने प्रचार यात्रा निकाली

**जयपुर ।** बाबा जयगुरुदेव संगत जयपुर द्वारा रविवार को जयपुर शहर के चांदपोल हनुमान मंदिर के पास से नशा मुक्ति, शाकाहारी, गौ रक्षक, सतयुग आगमन प्रचार यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में गुलाबी वस्त्र पहनकर जयगुरुदेव ध्वजा हाथ में लेकर पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। बाबा जयगुरुदेव संगत वक्ता प्रमोद शर्मा ने बताया कि बाबा उमाकांत जी महाराज ने मौजूदा सरकार से अपील की है हाथ जोड़कर विनय हमारी, तजो नशा बानो शाकाहारी। छोड़ो व्यभिचार बानो ब्रह्मचारी, सतयुग लाने की करो तैयारी। गौ माता की जान बचाओ, धरती पर सतयुग ले आओ, गाय को राष्ट्र पशु बनाओ। यदि शराब और मांस खाने की दुकान बंद हो जाएगी तो 50 फीसदी अपराध स्वत: ही कम हो जाएंगे।

यात्रा को हवामहल क्षेत्रीय विधायक बालमुकुंदाचार्य ने झंडा देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अवैध बूचड़खाने और अवैध शराब की दुकानों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है और यह निरंतर जारी रहेगा। और गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने का भी प्रयास करेंगे। पैदल यात्रा आयोजक विजय शर्मा, गिरीराज जांगिड़, पुरण चन्द अग्रवाल, रविंदर शर्मा, निखिल गुप्ता सहित जयपुर संगत के सभी ज़िम्मेदार सत्संगी भाई-बहन मौजूद रहे। यात्रा चांदपोल हनुमान मंदिर के पास से रवाना होकर, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, इंदिरा बाजार, खजाने वालों के रास्ते होते हुए वापस हनुमान मंदिर सम्पन हुई।



बाबा जयगुरूदेव संगत की ओर से निकाली गई प्रचार यात्रा में रविवार को विधायक बालमुकुंदाचार्य भी शामिल हुए।

# मुहाना मंडी में दो गुट आपस में भिड़े

## मंडी परिसर के सी-ब्लॉक में अतिक्रमण को लेकर विवाद

**जयपुर ।** मुहाना मंडी में रविवार दोपहर सी ब्लॉक में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद सी-ब्लॉक पर किए हुए अतिक्रमण को लेकर था। जो की काफी पुराना है। इस मारपीट में आड़तिया अनील कुमार के चोट आई। इससे उन्हें निजी अस्पताल लेकर गए। यहां उनके सिर पर छह टांके आए हैं। साथ ही कुछ लोग इस दौरान घायल भी हुए। इनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मारपीट की जानकारी मिलने पर पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस उपद्रव करने वालों को डिटेन कर थाने लेकर आई। मुहाना मंडी में उपद्रव की जानकारी मिलने पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित कुमार शर्मा पुलिस जाप्ते को लेकर मौके पर पहुंचे और भीड़ को तितर-बितर किया। करीब 35 लोगों को पुलिस ने डिटेन किया। जिन्हें पुलिस थाने लेकर आई है। मौके पर अतिरिक्त जाप्ता लगाया गया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह आड़तिया अनील कुमार का सी-ब्लॉक पर कुछ लोगों के साथ अतिक्रमण को लेकर विवाद हो गया था। इस पर कुछ लोगों ने अनिल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में अनिल के साथ-साथ कुछ और व्यापारियों के भी लगी। इसे लेकर दो गुट बन गए और मारपीट के लिए बाहर से भी कुछ लोगों को मंडी में बुलाया गया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के बीच समझाइश का प्रयास किया। लेकिन दोनों की तरफ से कोई समझने को तैयार नहीं था। इस पर पुलिस 35 लोगों को डिटेन कर थाने लेकर आ गई। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं अनिल का उपचार करवा दिया है। दोनों पक्षों की ओर से थाने में रिपोर्ट दी जा रही है। व्यापारियों का आरोपी है कि कुछ लोगों ने मंडी के प्लेटफार्म पर जबरन कब्जा कर रखा है। इससे अन्य काम नहीं होते इन लोगों को कब्जा हटाने के लिए कहा जाता है तो ये लोग झगड़ा करने लगते है।

- **मारपीट की जानकारी पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित शर्मा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को तितर-बितर कर करीब 35 लोगों को पकड़कर थाने ले गए, मौके पर अतिरिक्त जाप्ता लगाया है।**

## सार-समाचार

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**जयपुर ।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा संचालित शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत विद्याधर नगर स्थित माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। ग्रेटर निगम ओर की महिला एवं बाल विकास समिति की चेयरमैन डॉ. मीनाक्षी शर्मा, आत्मरक्षा प्रशिक्षक रिचा गौड़, एडवोकेट स्वाति अग्रवाल और मनोचिकित्सक दीपा रामचंदानी रही। डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने बच्चियों को आव्हान किया कि, वे अपने आप को स्वयंसिद्ध नवदुर्गा के नवरूप की तरह प्रशिक्षित करें। प्रशिक्षक रिचा गौड़ ने बच्चियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए आत्मरक्षा के गुर सिखाए। एडवोकेट स्वाति ने महिला व बाल अधिकार के कानूनों की जानकारी दी। मनोचिकित्सक दीपा ने मन, मस्तिष्क का संतुलन रखते हुए परिस्थिति अनुसार निर्णय लेने का सुझाव दिया। एमजीपीएस समिति के अध्यक्ष केदारमल भाला, मानद सचिव घनश्याम माहेश्वरी, सदस्य कौशल सैनी समेत कई लोग मौजूद थे। प्राचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने कहा कि इस तरह के आयोजन वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक है।

### बुजुर्ग महिला का पर्स छीना

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर में बाइक सवार दो बदमाशों ने राह चलती बुजुर्ग महिला के हाथ पर झपट्टा मार कर पर्स छीन लिया। झपट्टा मारने से लगे झटके से महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना के सम्बंध में पीडिता ने मानसरोवर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार कावेरी पथ निवासी 64 वर्षीय लक्ष्मी देवी ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रही थी मानसरोवर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर पर्स छीन लिया। पर्स छीनने के दौरान झटका लगने से वह सड़क पर गिर गई। इससे उसके हाथ व पैर में चोट लगी। इस पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं दूसरी घटना में सोहन नगर निवासी अमित साहनी ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी बाजार गई थी मांग्यावास में बाइक सवार बदमाश उसकी पत्नी के हाथ से पर्स छीनकर ले गए। पीडिता ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। इस पर पति ने मानसरोवर थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बजाज नगर थाना इलाके में एक महिला हटवाड़े में सामान खरीदने गई थी वहां पर किसी ने उसे गले से सोने की चेन पार कर ली। पुलिस के अनुसार गांधी नगर स्थितद सरकारी आवास में रहने वाली सीता कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह गांधी नगर में लगने वाले हटवाड़े में सामान खरीदने गई थी। वहां पर किसी ने उसके गले से सोने की चेन पार कर ली। घटना का पता घर पहुंचने पर लगा तो मामला दर्ज कराया।

### ड्राई फ्रूट और मसाले के सैंपल लिए

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर राज्य में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुक्तालय में प्राप्त शिकायत के आधार पर रविवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में सोडाला स्थित एक फर्म पर कार्रवाई कर नमूने लिए गए। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं संयुक्त आयुक्त डॉ. एस.एन. धौलपुरिया के सुपरविजन में मैसर्स भूरामल भागीरथ अग्रवाल, सोडाला तिराहा पर केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गई । मौके से बादाम कटिंग एवं काला नमक के नमूने लिए गए। यहां ड्राई फ्रूट्स, दालें, मसाले आदि की पैकिंग में नियमों की पालना नहीं की जा रही थी, जिसके लिए अलग से फर्द रिपोर्ट तैयार कर नियमों की पालना करने की हिदायत दी गई। नमूनों की रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मंदिर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर ।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिर में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराया गया माल भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि मंदिर में चोरी करने वाले एक शातिर चोर करण बैरवा निवासी फागी जिला दूदू को गिरफ्तार कर उसके पास से मंदिर से चुराया गया माल बरामद किया है।